# किशनगढ़बास में भाजपा की हैट्रिक तय, 12 पार्षद जीते



किशनगढ़ बास में भाजपा हरवानी की जीत पर परिवार व समर्थक व्यापारियों का आभार व्यक्त करते ।

■ 25 में से भाजपा 12, कांग्रेस और निर्दलीयों में बंटी बाकी सीटें; दूसरी बार जीतने वालों में शिवहरि, हेमेंद्र, अनिल और सुनील शामिल

**किशनगढ़बास।** नगर निकाय चुनाव के सोमवार को आए परिणामों के बाद किशनगढ़बास की सियासी तस्वीर पूरी तरह साफ हो चुकी है। परिणामों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि किशनगढ़बास में भाजपा की जड़ें कितनी मजबूत हैं। 25 वार्डों के नतीजों में भाजपा ने 12 सीटों पर जीत दर्ज कर हैट्रिक लगाने की तैयारी पूरी कर ली है।25 वार्डों में से वार्ड 16 और 22 में भाजपा प्रत्याशी पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे। वार्ड 16 से ऋतु गोयल और वार्ड 22 से विश्वास यादव निर्विरोध चुने गए।

भले ही भाजपा बहुमत के जादुई आंकड़े से एक कदम दूर रह गई हो, लेकिन 12 पार्षदों के साथ वह सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है और बोर्ड बनाना लगभग तय माना जा रहा है। इस जीत में कई चेहरे ऐसे हैं जो दूसरी और तीसरी बार जीतकर नगर पालिका पहुंचे हैं, जो उनकी व्यक्तिगत सेवा और काम का नतीजा है। इस पूरे चुनाव में सबसे ऐतिहासिक और चर्चित जीत कांग्रेस के उमेश यादव की रही है। उमेश यादव ने कांग्रेस के टिकट पर लगातार तीसरी बार 550 वोट से जीत दर्ज कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। यह जीत साबित करती है कि वार्ड की जनता पार्टी से ऊपर उठकर काम और सेवा को वोट देती है। उनकी यह हैट्रिक पूरे चुनाव की सबसे बड़ी जीत के रूप में देखी जा रही है। दूसरी सबसे बड़ी कहानी वार्ड में मनीष लखयाणी परिवार की रही। दो बार पहले भाजपा से पार्षद रहे मनीष लखयाणी ने इस बार वार्ड महिला आरक्षित होने पर अपनी पत्नी कंचन लखयाणी को मैदान में उतारा। जब भाजपा ने टिकट नहीं दिया तो उन्होंने निर्दलीय ताल ठोक दी और भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी को हराकर जीत हासिल की।उनकी जीत का ग्राफ लगातार बढ़ता रहा है - पहली बार 5 वोटों से, दूसरी बार 62 वोटों से और इस बार तीसरी बार पत्नी को 159 वोटों से जीत दिलाकर उन्होंने साबित कर दिया कि उनका जनाधार पार्टी से बड़ा है। दूसरी बार जीतकर नगर पालिका पहुंचने वाले चेहरों में भाजपा से शिवहरि गुर्जर, हेमेंद्र चौधरी और अनिल शर्मा शामिल हैं। वहीं कांग्रेस से सुनील सांवरिया ने भी अपनी सीट बरकरार रखते हुए दूसरी बार जीत दर्ज की है। इन सभी की जीत को उनकी 5 साल की मेहनत और वार्ड में सक्रियता का इनाम माना जा रहा है।

निवर्तमान चेयरमैन तारामणि सतीश सिंघल ने भी अपनी सियासी ताकत दिखाई।

## दूदू नगर पालिका के 25 वार्डों में 12 भाजपा ने जीती

**दूदू ।** निकाय चुनावों में मतदान के बाद सोमवार को हुई मतगणना में जनता के जनादेश का पिटारा खुल गया दूदू नगर पालिका के 25 वार्डों के आए चुनाव परिणाम में कांग्रेस पार्टी को 12 भाजपा को 10 आरएलपी को एक निर्दलीय दो प्रत्याशियों ने जीत हासिल कर जनता के जनादेश को स्वीकार किया है परिणाम जारी होने के साथ ही समर्थकों द्वारा पटाखे छोड़कर एवं मिठाई कार्यकर्ताओं को खिलाई जाकर खुशी का इजहार किया भाजपा की सरकार सत्ता में थी के बाद भी पूर्ण बहुमत नहीं मिल पाया। कांग्रेस पार्टी को बोर्ड बनाने एक उम्मीदवार की जो निर्दलीय है समर्थन लेना होगा के बाद ही कांग्रेस का बोर्ड संभव है बोर्ड बनाने में दोनों पार्टियों में निर्दलीयों की अहम भूमिका रहेगी भाजपा सत्ता में होने के बाद भी तीन निर्दलीय प्रत्याशियों को अगर अपने पक्ष में ले लेती है तो बीजेपी का बोर्ड बन सकता है निर्दलीय प्रत्याशियों में दो उम्मीदवार एक आरएलपी से है।

# नगर परिषद चौमूं और नगर पालिका कालाडेरा में भाजपा की प्रचंड जीत




भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुभाष सर्किल पर एकत्र होकर जश्न मनाया।

■ सुभाष सर्किल पर आतिशबाजी व मिठाई बांटकर मनाया जश्न।

■ चौमूं में 30 और कालाडेरा में 12 सीटों पर भाजपा ने लहराया परचम

**चौमूं / कालाडेरा ।** नगर परिषद चौमूं और नगर पालिका कालाडेरा के स्थानीय निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक सफलता हासिल करते हुए प्रचंड बहुमत दर्ज किया है। नगर परिषद चौमूं की 30 सीटों और नगर पालिका कालाडेरा की 12 सीटों पर मिली इस शानदार विजय के उपरांत भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुभाष सर्किल पर एकत्र होकर भव्य जश्न मनाया। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी गई। भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने इस ऐतिहासिक जीत का श्रेय पार्टी कार्यकर्ताओं की दिन-रात की कड़ी मेहनत और आम जनता के अटूट विश्वास को दिया। जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए रामलाल शर्मा ने कहा, "यह विजय चौमूं और कालाडेरा की देवतुल्य जनता के विश्वास, आशीर्वाद और हमारे कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम की जीत है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे चौमुखी विकास और सुशासन की नीतियों पर जनता ने अपनी मोहर लगाई है।"

उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का विशेष आभार व्यक्त किया और कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौर के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी विकास और जनसेवा के अपने संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। रामलाल शर्मा ने निकाय चुनावों के दौरान वार्डों में पूरी निष्ठा के साथ जिम्मेदारी संभालने वाले सभी प्रभारियों और सह-प्रभारियों की मेहनत की भी सराहना की और उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद चौमूं और नगर पालिका कालाडेरा की जनता ने कमल का फूल खिलाकर क्षेत्र में विकास, पारदर्शिता और सुशासन के नए युग की शुरुआत की है।

## पावटा में एनएच-48 पर ट्रेलर-बस ड्राइवरों का विवाद बना हादसे का कारण

■ हादसे में बड़ा नुकसान टला, हाईवे पर मची अफरा-तफरी

**पावटा।** राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर पावटा-शाहपुरा होटल के सामने जयपुर-दिल्ली रोड पर सोमवार को ट्रेलर और बस के चालकों के बीच हुआ विवाद हादसे का कारण बन गया। ट्रेलर व बस ड्राइवर राष्ट्रीय राजमार्ग 48 के बीच में वाहन खड़ा कर किसी बात पर विवाद कर रहे थे। तभी उनके विवाद के चलते एक कंटेनर बस के पीछे खड़ा हो गया अचानक अनियंत्रित एक सफेद पाउडर से भरे ट्रेलर ने बेकाबू होकर खड़े कंटेनर में टक्कर मार दी।

टक्कर से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ और एक बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेलर और बस चालक के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी दौरान यह हादसा हो गया। टक्कर के बाद कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हुआ तथा मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति संभाली व ट्रेलर चालक को सकुशल बाहर निकाला। वही सूचना पर पहुंची प्रागपुरा थाना पुलिस ने क्रेन की सहायता से क्षितग्रस्त वाहन को एक तरफा करवा यातायात सुचारू करवाया। हाईवे पर वाहनों की आवाजाही अधिक होने के कारण हादसे को लेकर लोगों में चिंता देखी गई। लोगों ने हाईवे पर वाहन चालकों की लापरवाही और आपसी विवाद के दौरान बरती जाने वाली असावधानी पर नाराजगी जताई। वाहनों की टक्कर से बड़ा हादसा हो सकता था, लेकिन गनीमत रही कि स्थिति गंभीर रूप नहीं ले सकी।

# खैरथल में 17 निर्दलीयों के हाथ सत्ता की चाबी

■ कांग्रेस 20 पर अटकी, भाजपा 8 में सिमटी, 17 निर्दलीयों के हाथ सत्ता की चाबी

■ बहुमत का आंकड़ा 23, सभापति की कुर्सी के लिए अब शुरू होगा असली सियासी खेल

**खैरथल।** राजकीय पीएम श्री माध्यमिक विद्यालय खैरथल मेंसोमवार को नगर परिषद खैरथल के 45 वार्डों की शुरू हुई मतगणना ने नगर परिषद चुनाव के नतीजों ने खैरथल की सियासत में भूचाल ला दिया है। कांग्रेस ने 20 सीटों के साथ सबसे बड़ा दल बनने का तमगा तो हासिल कर लिया, लेकिन बहुमत से सिर्फ तीन कदम दूर रह गई। भाजपा महज 8 सीटों पर सिमट गई और 17 निर्दलीयों ने ऐसी एंट्री मारी कि पूरी सत्ता का गणित ही उनके हाथ में चला गया। अब खैरथल में चुनाव खत्म नहीं हुआ है, बल्कि असली सियासी खेल शुरू हुआ है-किसके साथ जाएंगे 17 निर्दलीय और किसके सिर सजेगा सभापति का ताज..? 45 वार्डों वाली नगर परिषद में बोर्ड बनाने के लिए 23 पार्षद चाहिए। कांग्रेस के पास 20 का आंकड़ा है, यानी सत्ता के लिए सिर्फ तीन पार्षदों की दरकार है। दूसरी तरफ भाजपा आठ पर खड़ी है और बहुमत तक पहुंचने के लिए उसे 15 पार्षदों का साथ जुटाना होगा। ऐसे में 17 निर्दलीय पार्षद अब सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि खैरथल की सत्ता के सबसे बड़े 'किंगमेकर' बन गए हैं। इस चुनाव ने कई बड़े चेहरों के राजनीतिक कद पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। सभापति पद की दौड़ में जिन नामों की चर्चा थी, उनमें से कई अपनी सीट तक नहीं बचा पाए। रामसिंह शर्मा, अलका भानुप्रकाश अग्रवाल एडवोकेट, वरुण डाटा, मुन्नी अशोक डाटा, ओमप्रकाश रोघा और गिरीश डाटा को मतदाताओं ने नकार दिया। दिग्गजों की हार ने सभापति पद की पूरी रेस को उलटकर रख दिया है।

भाजपा का महज आठ वार्डों तक सिमटना पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। जिन चेहरों को लेकर सभापति की संभावनाओं पर राजनीतिक चर्चाएं चल रही थीं, उनमें से कई चुनावी मैदान में ही धराशायी हो गए। अब भाजपा के सामने सिर्फ बोर्ड बनाने की चुनौती नहीं, बल्कि अपनी सियासी जमीन बचाने की भी चुनौती खड़ी हो गई है।

कांग्रेस सबसे बड़े दल के रूप में जरूर उभरी है, लेकिन 20 का आंकड़ा उसे सत्ता की कुर्सी तक सीधे नहीं पहुंचाता। अब कांग्रेस को तीन निर्दलीयों की जरूरत है और यही तीन पार्षद सभापति की कुर्सी तक पहुंचने का रास्ता खोल सकते हैं। दूसरी ओर भाजपा की नजर भी निर्दलीयों पर होगी। ऐसे में आने वाले दिनों में जोड़-तोड़, मान-मनुहार और बंद कमरों में बैठकों का दौर तेज होना तय माना जा रहा है।

वार्ड 25 का परिणाम भी चुनावी चर्चा के केंद्र में रहा। यहां सानिया पुत्री फतेह मोहम्मद ने जीत दर्ज की। इस वार्ड को लेकर स्थानीय राजनीति में पहले से ही खींचतान चर्चा में रही थी। कांग्रेस टिकट को लेकर विवाद के बाद निर्दलीय मैदान में उतरे प्रत्याशी की जीत को स्थानीय कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति के लिए बड़ा सियासी संदेश माना जा रहा है। खास बात यह कि जिस कार्यकर्ता को टिकट के लिए कथित तौर पर विरोध का सामना करना पड़ा, उसी ने निर्दलीय के रूप में मैदान में उतरकर कांग्रेस प्रत्याशी को शिकस्त दे दी।

## अलवर में लोकतंत्र की उड़ाई जा रही धज्जियां : जूली

**अलवर/जयपुर।** नगर निकाय चुनाव के परिणाम आने के बाद अलवर की सियासत में घमासान और तेज हो गया है। कांग्रेस के निर्वाचित पार्षदों की कथित बाड़ेबंदी और उन्हें पुलिस द्वारा उठाए जाने के दावे को लेकर नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली सोमवार को कांग्रेस के जीते हुए पार्षदों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा सरकार, पुलिस और प्रशासन पर जमकर निशाना साधा।

जूली ने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री और राज्य मंत्री के इशारे पर अलवर में लोकतंत्र का मखौल उड़ाया जा रहा है और नगर निकाय चुनाव के बाद पुलिस एवं प्रशासन भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के निर्वाचित पार्षदों को गुंडागर्दी के जरिए उठाने की जरूरत नहीं है। यदि भाजपा को पार्षद चाहिए तो कांग्रेस स्वयं उन्हें सौंपने के लिए तैयार है। टीकाराम जूली ने तीखे अंदाज में कहा कि भाजपा को यदि बोर्ड बनाने की इतनी ही लालसा है तो कांग्रेस के पार्षदों को जबरन उठाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, "हम खुद पार्षदों को लेकर एसपी कार्यालय आए हैं। ले जाइए हमारे पार्षद, लेकिन लोकतंत्र की हत्या मत कीजिए।

## कोटपूतली की 9 नगरीय निकायों के 325 वार्डों के परिणाम घोषित

■ मांढण नगरपालिका के 20 वार्डों में भारतीय जनता पार्टी के 5, कांग्रेस के 1 तथा निर्दलीय प्रत्याशियों के 14 प्रत्याशी विजयी रहे

**कोटपूतली ।** नगरीय निकाय आम चुनाव 2026 के तहत कोटपूतली-बहरोड़ जिले में मतगणना प्रक्रिया सोमवार को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। जिला प्रशासन एवं पुलिस की ओर से किए गए पुख्ता इंतजामों के चलते जिले में मतगणना के दौरान कानून व्यवस्था बनी रही तथा पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। जिले की 2 नगर परिषदों एवं 7 नगरपालिकाओं में कुल 325 वार्डों की मतगणना संपन्न हुई। मतगणना के बाद विभिन्न नगरपालिकाओं में भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस एवं निर्दलीय प्रत्याशियों के परिणाम सामने आए।

मांढण नगरपालिका के 20 वार्डों में भारतीय जनता पार्टी के 5, कांग्रेस के 1 तथा निर्दलीय प्रत्याशियों के 14 प्रत्याशी विजयी रहे। नीमराणा नगरपालिका के 25 वार्डों में भारतीय जनता पार्टी के 8, कांग्रेस के 7 तथा निर्दलीय प्रत्याशियों के 10 प्रत्याशी विजयी रहे। बानसूर नगरपालिका के 35 वार्डों में भारतीय जनता पार्टी के 6, कांग्रेस के 12 तथा निर्दलीय प्रत्याशियों के 17 प्रत्याशी विजयी रहे। बहरोड़ नगरपालिका के 55 वार्डों में भारतीय जनता पार्टी के 20, कांग्रेस के 6 तथा निर्दलीय प्रत्याशियों के 29 प्रत्याशी विजयी रहे।

नारायणपुर नगरपालिका के 35 वार्डों में भारतीय जनता पार्टी के 17, कांग्रेस के 14 तथा निर्दलीय प्रत्याशियों के 4 प्रत्याशी विजयी रहे। पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका के 45 वार्डों में भारतीय जनता पार्टी के 16, कांग्रेस के 22 तथा निर्दलीय प्रत्याशियों के 7 प्रत्याशी विजयी रहे।

विराटनगर नगरपालिका के 25 वार्डों में भारतीय जनता पार्टी के 10, कांग्रेस के 13 तथा निर्दलीय प्रत्याशियों के 2 प्रत्याशी विजयी रहे। बर्डोद नगरपालिका के 25 वार्डों में भारतीय जनता पार्टी के 8, कांग्रेस के 11 तथा निर्दलीय प्रत्याशियों के 6 प्रत्याशी विजयी रहे। कोटपूतली नगरपालिका के 60 वार्डों में भारतीय जनता पार्टी के 19, कांग्रेस के 13 तथा निर्दलीय प्रत्याशियों के 28 प्रत्याशी विजयी रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में मतगणना को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं।

## शाहपुरा में बोर्ड की जंग तेज, कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने

■ 21 सितंबर को मतदान के बाद होगा फैसला, 55 वार्डों के परिणाम में कांग्रेस 23, भाजपा 20 और निर्दलीय 12 सीटों पर विजयी

**शाहपुरा।** शाहपुरा नगर परिषद के 55 वार्डों के चुनाव परिणाम जारी होने के बाद अब नगर परिषद में बोर्ड गठन को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। चुनाव परिणाम में कांग्रेस ने 23, भाजपा ने 20 और निर्दलीयों ने 12 वार्डों में जीत दर्ज की है। किसी भी प्रमुख दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने से अब 12 निर्दलीय पार्षद सभापति की कुर्सी के लिए निर्णायक भूमिका में नजर आ रहे है।

चुनाव परिणामों के अनुसार वार्ड 1 से नरसीराम यादव निर्दलीय, 2 से जुगलकिशोर कुमावत कांग्रेस, 3 से रामनाथ कांग्रेस, 4 से नीतू सैनी भाजपा, 5 से जयराम सैनी कांग्रेस, 6 से हरफूल कांग्रेस, 7 से कैलाश यादव कांग्रेस, 8 से सुभाष भडाना निर्दलीय, 9 से मीना टीलावत भाजपा, 10 से कालूराम कांग्रेस, 11 से गुड्डी मीणा भाजपा, 12 से रेखा देवी कांग्रेस, 13 से गौरीशंकर निर्दलीय, 14 से धोली देवी निर्दलीय, 15 से सुरेश सैनी निर्दलीय और 16 से मेघा चौधरी कांग्रेस विजयी रहे। वार्ड 17 से महेश ढबास कांग्रेस, 18 से राजेश पलसानिया भाजपा, 19 से बिदामी देवी भाजपा, 20 से लक्ष्मीनारायण बुनकर कांग्रेस, 21 से असलम कुरेशी कांग्रेस, 22 से कृपा देवी कांग्रेस, 23 से पुनीत भगेरिया निर्दलीय, 26 से अमन खटाना भाजपा, 27 से पूजा देवी निर्दलीय, 28 से रतन कुमार अग्रवाल भाजपा, 29 से रोशन बागड़ी भाजपा और 30 से इंद्राज पलसानिया निर्दलीय विजयी हुए। इसी प्रकार वार्ड 31 से साधुराम ढबास कांग्रेस, 32 से रवीश खटाना भाजपा, 33 से प्रभुदयाल अटल कांग्रेस, 34 से उमेश बड़बड़वाल निर्दलीय, 35 से मंजू देवी कांग्रेस, 36 से पूजा देवी भाजपा, 37 से कमली देवी कांग्रेस, 38 से कमली भाजपा, 39 से मंजू देवी कांग्रेस और 40 से धोलूराम कुम्हार निर्दलीय विजयी रहे।

# पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका में कांग्रेस का दबदबा



पावटा में कांग्रेस ने 22 सीटों पर जीत दर्ज कर जश्न मनाया।

■ भाजपा को 16 सीटें, 45 वार्डों का फैसला आया, अब चेयरमैन की कुर्सी पर नजर-किसके साथ जाएंगे 7 निर्दलीय

**पावटा।** पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका चुनाव 2026 की मतगणना सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा परिसर में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मतगणना परिणाम सामने आते ही नगरपालिका की सियासत में तस्वीर काफी हद तक साफ हो गई। 45 वार्डों के परिणाम में कांग्रेस ने 22 सीटों पर जीत दर्ज कर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में बढ़त बनाई, जबकि भाजपा को 16 वार्डों में जीत मिली। जिसमें वार्ड 1 से सोनम स्वामी भाजपा, वार्ड 2 से शकुंतला देवी कांग्रेस, वार्ड 3 से विनोद यादव निर्दलीय, वार्ड 4 में रत्ना यादव कांग्रेस, वार्ड 5 से पिंकी यादव कांग्रेस, वार्ड 6 से सुरेश मीणा भाजपा, वार्ड 7 से राहुल निर्दलीय, वार्ड 8 से मनोज पुत्र दाताराम निर्दलीय, वार्ड 9 से पुष्पा देवी भाजपा, वार्ड 10 से रामसिंह भाजपा, वार्ड 11से विक्रम सिंह कांग्रेस, वार्ड 12 से कविता कंवर भाजपा, वार्ड 13 से अंजू यादव भाजपा, वार्ड 14 से पूजा देवी भाजपा, वार्ड 15 से महिपाल भाजपा वार्ड 16 से बनवारी लाल कांग्रेस, वार्ड 17 से राजबाला निर्दलीय, वार्ड 18 से मंजू अग्रवाल भाजपा, वार्ड 19 से संतोष भाजपा, वार्ड 20 से सोमवती मीणा कांग्रेस, वार्ड 21 से सुभाष यादव भाजपा, वार्ड 22 से रिंकू कांसोटिया कांग्रेस, वार्ड 23 से सोनू बाई कांग्रेस,वार्ड 24 से मुकेश सिंह कांग्रेस, वार्ड 25 से प्रियंका कुमावत निर्दलीय, वार्ड 26 से माली देवी कांग्रेस, वार्ड 27 से रवि दत्त कांग्रेस, वार्ड 28 से मुकेश कुमार निर्दलीय, वार्ड 29 से सुंदर लाल कांग्रेस, वार्ड 30 से लीलाराम भाजपा, वार्ड 31 से महेश कांग्रेस, वार्ड 32 से बुधराम भाजपा, वार्ड 33 से अनीता देवी निर्दलीय, वार्ड 34 से सागरमल कांग्रेस, वार्ड 35 से गणेश सैनी कांग्रेस, वार्ड 36 से विनोद सिंह भाजपा, वार्ड 37 से नचिता जाट कांग्रेस, वार्ड 38 से अनीता यादव कांग्रेस, वार्ड 39 से ऊषा यादव भाजपा, वार्ड 40 से मीना देवी कांग्रेस, वार्ड 41से कैलाशी देवी कांग्रेस, वार्ड 42 से रजनी देवी भाजपा, वार्ड 43 से ईद मोहम्मद कांग्रेस, वार्ड 44 से ममता यादव कांग्रेस, वार्ड 45 से विक्रम सैनी कांग्रेस विजयी रहे।

पावटा प्रागपुरा नगरपालिका के कुल 45 वार्डो से निर्दलीय प्रत्याशियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 7 वार्डों में जीत हासिल की। परिणामों ने भाजपा और कांग्रेस दोनों के सामने पालिका बोर्ड बनाने को लेकर नए राजनीतिक समीकरण खड़े कर दिए हैं। कांग्रेस बहुमत के आंकड़े से कुछ सीट दूर है। जबकि भाजपा भी बोर्ड बनाने की दौड़ से बाहर नहीं है। दूसरी ओर 7 निर्दलीय पार्षदों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो गई है।

## सार-समाचार

### खोरा लाड़खानी में 73 गुरुओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मनित किया




**मनोहरपुर ।** महात्मा गांधी विद्यालय खोरा लाड़खानी में रविवार को भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक सेवानिवृत्त शंकर शरण शर्मा रहे। समारोह में क्षेत्र के 4 विद्यालयों के कुल 73 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिसमें राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खोरा लाड़खानी से 22 शिक्षक, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शक्तपुरा से 15 शिक्षक, राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय हनुतपुरा से 13 शिक्षक और राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय खोरा लाड़खानी से 23 शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर आयोजनकर्ता शंकर शरण शर्मा ने कहा कि गुरु ही राष्ट्र निर्माता है, शिक्षक ही बच्चों के भविष्य को गढ़ता है और समाज को नई दिशा देता है। शिक्षकों का सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है, आज जिन शिक्षकों का सम्मान किया गया है, उन्होंने अपने जीवन का अमूल्य समय शिक्षा के क्षेत्र में दिया है, इसलिए उनका सम्मान करना गर्व की बात है। कार्यक्रम में संतोष सिंह, रूड मल कपूरिया, प्रकाश रैगर, रामेश्वर कपूरिया, अनिल कुमार गौड़, सुरेन्द्र जाट, चंद्र शेखर शर्मा, भूरामल जाट, जसवंत सिंह, जीतू सिंह, शिंभू सिंह, मदन यादव, राजेन्द्र शर्मा, गिरधारी कपूरिया, अनिल वर्मा, राजेंद्र जाट सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय हिंदी दिवस विजय महोत्सव आयोजित



**निवाई।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर विकास नौटियाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय हिंदी दिवस व दिवेर विजय महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को महाराणा प्रताप का शौर्य व कुशल प्रशासन की जानकारियों दी गई। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सीएल मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय हिंदी दिवस और दिवेर विजय महोत्सव के उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिसर में भाषाई गौरव व राष्ट्रभक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। विजयी योद्धा एवं कुशल प्रशासक के रूप में महाराणा प्रताप विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छात्राओं ने मेवाड़ के गौरव महाराणा प्रताप के जीवन संघर्ष, उनकी अद्भुत युद्ध नीति, स्वाभिमान व कुशल प्रशासनिक क्षमताओं पर विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप एक महान और अदम्य साहसी योद्धा होने के साथ एक दूरदर्शी प्रशासक भी थे, जिन्होंने हर परिस्थिति में जनता का कुशल नेतृत्व किया। विशेष रूप से दिवेर के युद्ध में उनकी सूझबूझ व सैन्य कौशल का लोहा पूरी दुनिया ने माना, जिसे इतिहास में मेवाड़ का मैराथन भी कहा जाता है। इसके साथ ही हिंदी दिवस के महत्व की जानकारी देते हुए छात्राओं को अपनी मातृभाषा व राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रति गौरव महसूस करने एवं दैनिक जीवन में इसके अधिकाधिक उपयोग करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों की सराहना कर उनका हौसला बढ़ाया गया।

### कालाडेरा नगर पालिका में भाजपा ने जीत अर्जित कर जश्न मनाया



**चौमूं / कालाडेरा ।** राजस्थान निकाय चुनाव के नतीजों में कई बड़े उलटफेर देखने को मिले हैं। चौमूं नगर परिषद व नवीन कालाडेरा नगर पालिका में भाजपा ने बड़ी जीत अर्जित कर सबसे बड़ी पार्टी बनी, जबकि भाजपा ने कांग्रेस के कई दिग्गजों के इलाकों में भी कांग्रेस को झटका दिया । कांग्रेस का चौमूं नगर परिषद के अधिकतर वार्डों में सफाया हो गया वहीं कांग्रेस की चौमूं विधायक डॉ शिखा मील बराला भी अपने वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी को जीता नहीं पाई। चौमूं नगर परिषद के कांग्रेस के तत्कालीन सभापति विष्णु सैनी ने अपने वार्ड से चुनाव जीतने में कामयाब जरूर हुए हैं। गौरतलब है कि चौमूं नगर परिषद के 45 वार्डों के चुनावों में भाजपा के 30 प्रत्याशियों ने विजय प्रचम लहराया है वहीं कांग्रेस के 11 प्रत्याशी व 4 निर्दलीय प्रत्याशियों ने विजय हुये है। कालाडेरा नगर पालिका के 20 वार्डो के चुनावों में भाजपा ने 12 वार्डों में अपना प्रचम लहराया है वहीं कांग्रेस ने 7 वार्डों में व 1 निर्दलीय प्रत्याशी ने विजय प्राप्त की है।

### सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी में दसलक्षण महापर्व 16 से



**निवाई।** सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी में आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के सान्निध्य में 16 से 26 सितम्बर तक दसलक्षण महापर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियां जोर-शोर पर की जा रही है। इस दौरान आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म जीवन को सही दिशा व शांति प्रदान करता है। उन्होंने भक्ति, श्रद्धा, त्याग व समर्पण का संदेश दिया तथा जीवन में निरंतर धर्म मार्ग पर चलने की पावन प्रेरणा दी। विज्ञातीर्थ के कार्याध्यक्ष सुनिल भाणजा व प्रतीक जैन सेठी ने बताया की पर्युषण दसलक्षण पर्व को लेकर 16 से 26 सितम्बर तक प्रतिदिन अभिषेक, शांतिधारा, दसलक्षण पूजा, आर्यिका से उत्तम क्षमा, मार्दव व आर्जव सहित कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा।